भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1652
उत्तर देने की तारीख 08 दिसम्बर, 2021

संपूर्ण बीमा ग्राम योजना

1652. श्री प्रताप सिम्हा :
श्री वाई. देवेन्द्रप्पा :
श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले :
श्री तेजस्वी सूर्या :
डॉ. उमेश जी. जाधव :
श्री बी. वाई. राघवेन्द्र :
श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कर्नाटक सहित देश में संपूर्ण बीमा ग्राम योजना के अंतर्गत अब तक कितने गांवों को शामिल किया गया है;

(ख) देश में कुल कितने गांवों को शामिल किया जाना है और अब तक कितने गांवों को शामिल नहीं किया गया है।

(ग) कर्नाटक में कितने गांवों को अभी भी उक्त योजना के अंतर्गत शामिल नहीं किया गया है और इसके क्या कारण हैं तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) इन शेष गांवों को इसके अंतर्गत कब तक शामिल किए जाने की संभावना है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) अब तक कर्नाटक के 4,104 गांवों सहित देशभर के 36,240 गांवों को बीमा ग्राम योजना के अंतर्गत कवर किया गया है।

(ख) बीमा ग्राम योजना के कार्यान्वयन का एक महत्वपूर्ण घटक व्यक्ति-विशेष की प्रीमियम का भुगतान करने की क्षमता है। डाक विभाग की बीमा ग्राम योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक गांवों को चरणबद्ध रूप से कवर किए जाने हेतु सतत प्रयास किए जाते हैं।

(ग) कर्नाटक में 4000 गांवों को बीमा ग्राम योजना के अंतर्गत कवर किए जाने के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 4104 गांवों को कवर किया गया है।

(घ) बीमा ग्राम योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को जीवन बीमा प्रदान करने हेतु डाक विभाग की एक पहल है। इस पहल के कार्यान्वयन के लिए किसी व्यक्ति-विशेष की प्रीमियम भुगतान की क्षमता एक महत्वपूर्ण घटक है। डाक विभाग की बीमा ग्राम योजना पहल के अंतर्गत अधिक से अधिक गांवों को चरणबद्ध रूप से कवर किए जाने हेतु प्रयास किए जाते हैं।

*****